स्वतंत्रता दिवस आज, मुख्य समारोह में मंत्री कंषाना करेंगे ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 अगस्त । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को मुरैना में मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में सुबह 9 बजे आयोजित होगा। प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी लेंगे।

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन होगा। इसके बाद मार्चपास्ट, देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और विभिन्न कार्यक्रम होंगे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल शहीदों के परिजनों सहित राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देने वालों का सम्मान किया जाएगा। कर्मचारियों को भी मिलेगा सम्मान विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। समारोह के जरिए जिले की विकास यात्रा और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों का संदेश भी दिया जाएगा। मुख्य समारोह के बाद मंत्री कंषाना विद्यार्थियों के साथ मध्यान्ह भोजन करेंगे और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधरोपण कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

हाथों मे तिरंगा, दिल में गोवर्धन महाराज की भक्ति, जत्था रवाना

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 अगस्त । स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार को नायकपुरा से देशभक्ति और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। माँ

नायकपुरा से 300 से अधिक श्रद्धालुओं का जत्था गोवर्धन रवाना

मढवाली भक्त मंडल एवं ग्रामीणों के तत्वावधान में सुबह 10 बजे मां मढ़वाली माता मंदिर से गोवर्धन महाराज के लिए 300 से अधिक श्रद्धालुओं की विशाल पैदल यात्रा रवाना होगी। पूजा-अर्चना, ध्वज

पूजन और महाआरती के बाद यात्रा शुरू होगी।

समाजसेवी चौधरी रघुवीर सिंह कंषाना के नेतृत्व में निकलने वाली यात्रा के पहले दिन श्रद्धालु हाथों में तिरंगा लेकर देशप्रेम का संदेश देंगे। इससे आयोजन का उत्साह और बढ़ गया है। यात्रा सरायछौला, एबी रोड, चंबल राजघाट, धौलपुर, खैरागढ़, अछनेरा, किरावली, जाजमपट्टी और सौंख होते हुए गोवर्धन पहुंचेगी। यहां श्रद्धालु गोवर्धन महाराज की दण्डवत परिक्रमा करेंगे। आयोजन को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है।

आज जिलेभर में बंद रहेंगी शराब की दुकानें

मुरैना, 14 अगस्त । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को मुरैना जिले में शुष्क दिवस ड्राई डे रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ ने मप्र आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 के तहत जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में यह आदेश लागू किया है। जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें, वाइन आउटलेट, भांग दुकानें, महटोली, बानमोर स्थित बीयर विनिर्माणी इकाई और सभी देशी मदिरा भंडार बंद रहेंगे। शुष्क दिवस के दौरान मदिरा की बिक्री, प्रदाय, परिवहन, संग्रहण और उपभोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

हैडकांस्टेबल के पुत्र की सड़क हादसे में मौत

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 अगस्त । सिहोनियां थाने

पोरसा क्षेत्र में सेंथरा बम्बा के पास हुआ हादसा, अस्पताल में तोड़ा दम

में पदस्थ प्रधान आरक्षक गिर्राज तोमर के पुत्र अनूप सिंह तोमर (30) की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा अंबाह-पोरसा रोड पर सेंथरा बंबा के पास गुरुवार रात हुआ।

जानकारी के अनुसार अनूप सिंह अपने गांव भौनपुरा से बाइक लेकर पोरसा गया था। रात में गांव लौटते समय सेंथरा बंबा के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अनूप गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल अंबाह अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोरसा थाने में मामला दर्ज कर गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश के साथ हादसे की जांच कर रही है।

गर्ल्स स्कूल के लैब असिस्टेंट पर छात्राओं के गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 अगस्त । शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर

दर्जनभर से अधिक छात्राएं शिकायत लेकर पहुंची कोतवाली

माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में पदस्थ लैब सहायक आशीष दौनेरिया पर आधा दर्जन से अधिक छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

छात्राओं का आरोप है कि लैब सहायक उन्हें गलत नजरों से देखते हैं, अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं और कपड़ों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हैं। छात्राओं ने कथित अश्लील हरकत और आपत्तिजनक बातचीत के आरोप भी लगाए हैं। छात्राओं के परिजनों ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी थी। कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार दोपहर छात्राएं अपने परिजनों के साथ खुद थाने पहुंचीं। उन्होंने पुलिस को जानकारी देते हुए लैब सहायक के खिलाफ निष्पक्ष जांच, एफआईआर दर्ज करने और सख्त कार्रवाई की मांग की। छात्राओं का आरोप है कि विरोध करने पर उन्हें स्कूल से निकालने की धमकी दी जाती थी। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत स्कूल प्राचार्य से भी की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

अलापुर में कल सजेगी कव्वाली की महफिल, होगा मुकाबला

नवभारत न्यूज

मुरैना/अंबाह, 14 अगस्त । कस्बा जौरा के अलापुर में प्रतिवर्ष होने वाला प्रसिद्ध कव्वाली मुकाबला इस बार 16 अगस्त को माला शाह दरगाह पर आयोजित होगा। मुकाबले में दिल्ली की महिला कव्वाल साहिबा चिश्ती और ग्वालियर के सलमान अजमेरी नियाजी अपनी कव्वालियों से समां बांधेंगे। आयोजकों के अनुसार इस आयोजन में आसपास के क्षेत्रों के साथ दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में लोग कव्वाली सुनने पहुंचते हैं। परंपरा के अनुरूप इस बार भी

हजारों श्रोताओं के जुटने की उम्मीद है। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों और स्थानीय लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

कलेक्टर ने बच्चों से पूछे सवाल, स्कूल में परखीं व्यवस्थाएं

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 अगस्त । मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत लल्लूबसई के प्राथमिक विद्यालय

लल्लूबसई में 50 मिनट तक किया बच्चों से संवाद, परखीं व्यवस्थाएं

का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उनकी पढ़ाई की प्रगति परखी।

कक्षा 1 और 2 के बच्चों से

भाषा व गणित के सवाल पूछने के साथ उनकी कार्यपुस्तिकाएं भी देखीं। कक्षा 5 के विद्यार्थियों के साथ करीब 50 मिनट संवाद कर उन्हें नियमित पढ़ाई, अनुशासन और शिक्षा के महत्व के बारे में समझाया। कलेक्टर ने स्मार्ट क्लास, एफएलएन गतिविधियों, निपुण भारत अभियान, पाठ योजना, शिक्षकों की कार्यप्रणाली और विद्यार्थियों की उपस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों को प्रत्येक बच्चे की सीखने की प्रगति पर विशेष ध्यान देने और अभिभावकों से लगातार संपर्क रखने के निर्देश दिए। मध्यान्ह भोजन भी परखा, निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पेयजल, शौचालय और अन्य सुविधाओं के साथ मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, मेन्यू और स्वच्छता व्यवस्था भी देखी। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक भोजन समय पर उपलब्ध कराने और भोजन निर्माण, वितरण में स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

छात्राओं से अभद्रता के विरोध में अभाविप ने दिया ज्ञापन

मुरैना, 14 अगस्त । शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के साथ प्रयोगशाला सहायक द्वारा कथित अभद्र व्यवहार का मामला सामने आने के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिला शिक्षा अधिकारी को

ज्ञापन सौंपा। परिषद ने छात्राओं की शिकायतों को गंभीर बताते हुए मामले की निष्पक्ष और तथ्यात्मक जांच कराने की मांग की। अभाविप ने कहा है कि जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही विद्यालय प्रशासन द्वारा शिकायत मिलने के बाद अब तक की गई कार्रवाई और अपनाई गई प्रक्रिया की भी जांच हो। परिषद ने मांग रखी कि जांच के दौरान किसी छात्रा पर दबाव न बनाया जाए और उन्हें बिना भय अपनी बात रखने का अवसर मिले। विद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की जाएं। परिषद ने शिक्षा विभाग से पूरे मामले में त्वरित जांच, उचित कार्रवाई और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की।

लल्लूबसई में लगा कलेक्टर का दरबार, मौके पर निपटाईं समस्याएं

नवभारत न्यूज

मुरैना/अंबाह, 14 अगस्त । मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत ग्राम पंचायत लल्लू बसई में वृहद जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ सहित जिला और ब्लॉक स्तर के

अधिकारियों के सामने रखे समस्याओं से जुड़े आवेदन

अधिकारी शिविर में मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में शिकायतें और समस्याओं से जुड़े आवेदन अधिकारियों के सामने रखे। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कराया। जिन प्रकरणों का तत्काल समाधान संभव नहीं थाए उन्हें लेकर संबंधित अधिकारियों को समयसीमा में कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। कलेक्टर ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

तिरंगे के साथ गूंजा देशभक्ति का संदेश शिविर के समापन के बाद गांव में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कलेक्टर जांगिड़ ने भी यात्रा में शामिल होकर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हाथ में तिरंगा थामा। पूरे गांव में देशभक्ति का माहौल नजर आया।

गंगाजल से शुद्धिकरण के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरे

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 अगस्त । हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष

हल्द्वानी में खड़गे के कार्यक्रम में हुई घटना पर निकाला मार्च, किया सत्याग्रह

मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के बाद कार्यक्रम स्थल के कथित गंगाजल से शुद्धिकरण को लेकर मुरैना में कांग्रेस ने शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस ग्रामीण एवं शहर के संयुक्त नेतृत्व में रामनगर चौराहे से विशाल पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

पैदल मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वार्ड-29 स्थित अंबेडकर पार्क, तुस्सीपुरा पहुंचा, जहां कांग्रेस नेताओं ने सत्याग्रह किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण मधुराज तोमर और शहर अध्यक्ष गजेंद्र जाटव ने आरोप लगाया कि दलित नेता की मौजूदगी के बाद कार्यक्रम स्थल का गंगाजल से शुद्धिकरण किया जाना जातिवादी मानसिकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दलित की मौजूदगी से कोई मंच या स्थान अपवित्र नहीं होता, अपवित्रता केवल जातिवादी सोच में है। मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने कहा कि यह सिर्फ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे का नहीं, बल्कि प्रत्येक दलित व्यक्ति और उन्हें समानता का अधिकार देने वाले भारत के संविधान का अपमान है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में सार्वजनिक रूप से जवाब की मांग की।

पैदल मार्च एवं सत्याग्रह में प्रमुख रूप से यह रहे मौजूद

पैदल मार्च एवं सत्याग्रह में महिला कांग्रेस अध्यक्ष ममता कुशवाह, जितेंद्र सिंह डंगस, आसिफ कुरैशी, राजकुमार पाठक, बद्री प्रसाद, रहीस खान, सोनू जौनवार, गोविंद गोले, बलवीर दौनोरिया, नरेश यादव व नरेश कारखुर, केके श्रीवास्तव, मदनमोहन कुलश्रेष्ठ, नीलेश कुशवाह, प्रेमकुमार बंसल, बंगाली जाटव, सतीश जाटव, हकीम कुरैशी, सरफुद्दीन शाह, समीर खान, जाकिर खान, प्रदीप दंडोतिया, इरफान खान, एके पठान, अशोक सिकरवार, राज वर्मा, डेविड, उदय त्रिपाठी, शम्मी खान, राकेश गर्ग, हामिद खान, इरशाद, इकबाल शाह, नितिन नारोलिया, रामू टुंडेलकर, शिवसिंह खटीक, राज गुर्जर, जितेंद्र राजौरिया, महेंद्र माहेश्वरी, इकबाल पठान, बहादुर सिंह तोमर, बल्लू खान, अरविंद कारखुर, मुनव्वर खान, राजू खान, विशंभर सिंह, लक्ष्मण सिंह, सुखलाल रजक और राजेश पलिया सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बीएसएनएल का धमाका, 1 रूपये में अनलिमिटेड कॉलिंग

नवभारत न्यूज

मुरैना, 14 अगस्त । स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बीएसएनएल ने ग्राहकों के लिए कई नई योजनाओं और डिजिटल सेवाओं की घोषणा की है। सबसे खास फ्रीडम 2.0 ऑफर में नए मोबाइल ग्राहकों को सिर्फ एक रुपए में 24 दिन की वैधता के साथ रोजाना 1 जीबी डेटा, 100 एसएमएस प्रतिदिन और अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग मिलेगी।

यह जानकारी शुक्रवार को बीएसएनएल के डीजीएम मुरैना ने

स्वतंत्रता दिवस पर नई सौगात, 1111 में 200 एमबीपीएस का फाइबर प्लान

प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल ने 1111 प्रतिमाह का फाइबर फ्रीडम प्लान भी लॉन्च किया है। इसमें 200 एमबीपीएस तक की इंटरनेट स्पीड, हर महीने 5000 जीबी डेटा और 25 से अधिक ओटीटी प्लेटफॉर्म की सुविधा मिलेगी। कंपनी ने नया बीएसएनएल सेल्फ केयर एप्प भी पेश किया है, जिसके जरिए मोबाइल रिचार्ज, बिल भुगतान, शिकायत दर्ज कराने, फाइबर बुकिंग और अन्य सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी। मोबाइल ग्राहकों के लिए बीएसएनएल फ्री इंटरटेनमेंट टीवी सेवा में करीब 500 लाइव टीवी चैनल भी उपलब्ध होंगे।

उन्होंने बताया कि बीएसएनएल ने देशभर में 4जी नेटवर्क विस्तार को भी गति दी है। कंपनी के अनुसार 26,300 से अधिक अतिरिक्त 4जी बीटीएस लगाने का ऑर्डर दिया गया है। इसके साथ दूरदराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए सैटेलाइट फोन सेवा और स्वदेशी टेलीकॉम उपकरण निर्माण को बढ़ावा देने के लिए पॉलीकैब के साथ साझेदारी की घोषणा की गई है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी महेन्द्र सिंह इंदौलिया पुत्र श्री होलीराम इंदौलिया निवासी वार्ड नं. 40 हमीर पटेल वाली गली, रविदास नगर मुरैना तहसील व जिला मुरैना म.प्र. का पुत्र दीपक इंदौलिया गलत संगत में पड़ गया है और आपराधिक कृत्य करता रहता है। इस कारण मेरे व्यवहारी द्वारा अपने पुत्र दीपक इंदौलिया को एक साल पूर्व अपने परिवार से पृथक कर दिया है, यदि दीपक इंदौलिया द्वारा किसी भी व्यक्ति से कोई लेनदेन, आपराधिक कृत्य या घटना आदि की जाती है, तो उसके लिए स्वयं दीपक इंदौलिया व संबंधित व्यक्ति जिम्मेदार होगा, दीपक इंदौलिय के द्वारा किए जाने वाले किसी भी कृत्य से मेरे व्यवहारी व मेरे व्यवहारी के अन्य पुत्रों व परिवारीजन का कोई संबंध व सरोकार नहीं होगा।

सूचनाकर्ता
महेन्द्र सिंह इंदौलिया पुत्र श्री होलीराम इंदौलिया निवासी वार्ड नं. 40 हमीर पटेल वाली गली, रविदास नगर मुरैना, तहसील व जिला मुरैना म.प्र.
द्वारा अभिभाषक :- विजय डंडौतिया एडवोकेट मुरैना म.प्र.

कार्यालय,म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना

क्रमांक-2409/स.प्र./2026
दिनांक-14/08/2026

सार्वजनिक सूचना

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन/भूखण्ड क्रं. एमआईजी-455 पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी जौराखुर्द मुरैना जो कि श्री रामस्वरूप डंडौतिया पुत्र स्व. श्री करन सिंह डंडौतिया के नाम आवंटित था। इनकी मृत्यु दिनांक 13.07.2023 को हो चुकी है। इनके द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड का विक्रय पत्रक दिनांक 24.07.1997 को श्री संदीप तिवारी एवं श्री श्याम तिवारी पुत्र श्री विद्याराम तिवारी को किया गया था। एवं इनके वारिसों द्वारा सहमति के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड श्री संदीप तिवारी एवं श्री श्याम तिवारी पुत्र श्री विद्याराम तिवारी अपने नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

सम्पदा प्रबंधक
म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.

कार्यालय,म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना

क्रमांक-2411/स.प्र./2026
दिनांक-14/08/2026

सार्वजनिक सूचना

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन/भूखण्ड क्रं. एलआईजी प्रथम-623 पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी जौराखुर्द मुरैना जो कि श्री अशोक कुमार सिंहल के नाम से आवंटित था। इनकी मृत्यु दिनांक 19.04.2024 को हो चुकी है। इनके द्वारा मृत्यु से पूर्व श्रीमती शांतीदेवी अग्रवाल पत्नी श्री रामदुलारे अग्रवाल को विक्रय कर दिया गया है। इनके द्वारा मण्डल में नामांतरण नहीं कराया गया। श्रीमती शांतीदेवी अग्रवाल का स्वर्गवास दिनांक-25.01.2025 को हो चुका है। इनके वारिस पुत्रगण श्री राधेश्याम गुप्ता, श्री संजीव गुप्ता, श्री अनिल गुप्ता पुत्र स्व. श्री रामदुलारे अग्रवाल द्वारा अपने नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

सम्पदा प्रबंधक
म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.

बीमारी से जूझ रहे बुजुर्ग ने की आत्महत्या

ग्वालियर, 14 अगस्त । थाटीपुर थाना क्षेत्र के अशोक कॉलोनी में 68 वर्षीय बुजुर्ग ने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

परिजनों के अनुसार बुजुर्ग लंबे समय से बीमार चल रहे थे। प्रारंभिक जानकारी में बीमारी से परेशान होने के कारण आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक अशोक कॉलोनी निवासी प्रदीप दौहरे ने बताया कि उनके पिता गुरुदयाल दौहरे (68) की तबीयत खराब रहती थी। वे मकान के निचले हिस्से में एक कमरे में रहते थे, जबकि प्रदीप अपने परिवार के साथ ऊपरी मंजिल पर रहते हैं।

बीते रोज दोपहर करीब 12:30 बजे प्रदीप अपने पिता को खाना और दवा देने के लिए उनके कमरे में पहुंचे। कमरे की लाइट बंद थी।